Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 01-12-2005
Participants : Paswan Shri Ram Vilas,Paswan Shri Sukdeo

>

Title : Regarding need to provide reservation for Dalits in Multinational Companies.

श्री सुकदेव पासवान (अररिया) : अध्यक्ष महोदय, यू.पी.ए. सरकार के न्यूनतम साझा कार्यक्रम में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए बहुराट्रीय कंपनियों में आरक्षण देने की बात कही गई थी लेकिन काफी समय हो गया है और अभी तक यू.पी.ए. सरकार द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। जितनी भी देश में सरकारी नौकरियां हैं, सभी विभागों में एस.सी.एस.टी. का बैक-लॉग अधूरा है और सरकार बिल्कुल इसे पूरा नहीं कर रही है। मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगा, यहां सोनिया गांधी जी भी बैठी हुई है, राम विलास पासवान जी भी बैठे हुए हैं, एस.सी.एस.टी. के इस बैक-लॉग को पूरा किया जाए और बहुराट्रीय कंपनियों में दलितों को आरक्षण मिले, इसकी व्यवस्था की जाए।

रसायन और उर्वरक मंत्री तथा इस्पात मंत्री (श्री रामविलास पासवान) : अध्यक्ष जी, सरकार ने निर्णय लिया है कि एस.सी.एस.टी. का जो भी बैक-लॉग है, इसे 30 दिसम्बर, 2005 तक पूरा कर दिया जाएगा और जहां तक प्राइवेट सैक्टर में रिजर्वेशन देने की बात है, ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स कांस्टीट्यूट कर दिया गया है और उसकी रिपोर्ट भी आ गई है, वह सरकार के विचाराधीन है तथा वैल्फेअर मिनिस्ट्री उसका कोआर्डिनेशन कर रही है।

MR. SPEAKER: Shri Avinash Rai Khanna

MR. SPEAKER: Shri Chandra Sekhar Sahu.